गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024 16.05.2024

1. लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051 **स्क्रिप कोड : - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिन्ग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 **स्क्रिप कोड : - 532155**

महोदय / महोदया,

कृपया "**गेल ने वित्त वर्ष** 2024 **में** 1,30,638 **करोड़ रुपए के वार्षिक राजस्व, कर पूर्व लाभ** 11,555 **करोड़ रुपए** (75% **की बढ़ोतरी**) **और कर पश्चात लाभ** 8,836 **करोड़ रुपए** (67% **की बढ़ोतरी**) **की रिपोर्ट दर्ज किया**" संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रतिलिपि प्राप्त करें ।

धन्यवाद,

भवदीय,

महेश

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

अनुलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,
   4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
   गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
   बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

   ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने वित्त वर्ष 2024 में 1,30,638 करोड़ रुपए के वार्षिक राजस्व, कर पूर्व लाभ 11,555 करोड़ रुपए (75% की बढ़ोतरी) और कर पश्चात लाभ 8,836 करोड़ रुपए (67% की बढ़ोतरी) की रिपोर्ट दर्ज किया

नई दिल्ली, 16 मई, 2024: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में रु.11,555 का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) रिपोर्ट किया, जो वित्त वर्ष 2023 में रु. 6,584 करोड़ से 75% अधिक है। वित्त वर्ष 2024 में 8,836 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ (पीएटी) हुआ जो वित्त वर्ष 2023 में 5,302 करोड़ रुपए की तुलना में 67% अधिक है, जबकि प्रचालनों से राजस्व वित्त वर्ष 2024 में 1,30,638 करोड़ रुपए हुआ जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 1,44,302 करोड़ रुपए था।

तिमाही दर तिमाही के आधार पर वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 32,335 करोड़ रुपए का प्रचालनों से राजस्व दर्ज किया गया जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 34,254 करोड़ रुपए था। कर पूर्व लाभ वित्त वर्ष 2024 के चौथी तिमाही में 2,842 करोड़ रुपए हुआ, जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह 3,694 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ 2,177 करोड़ रुपए हुआ जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 2,843 करोड़ रुपए था।

वर्ष के दौरान प्राकृतिक गैस संचरण की मात्रा 12% की वृद्धि के साथ 120.46 एमएमएससीएमडी दर्ज की गई जबकि यह वित्त वर्ष 2023 में 107.28 एमएमएससीएमडी थी। वित्त वर्ष 2024 में गैस विपणन की मात्रा 98.45 एमएमएससीएमडी रही जो वित्त वर्ष 2023 में 94.91 एमएमएससीएमडी थी। एलएचसी की बिक्री पिछले वर्ष के 929 टीएमटी की तुलना में 7% की वृद्धि के साथ 998 टीएमटी दर्ज की गई और पॉलिमर की बिक्री 399 टीएमटी की तुलना में 97% वृद्धि के साथ 787 टीएमटी दर्ज की गई।

तिमाही के दौरान वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में प्राकृतिक गैस संचरण की मात्रा 123.65 एमएमएससीएमडी रही जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह 121.54 एमएमएससीएमडी थी। गैस विपणन की मात्रा 99.90 एमएमएससीएमडी रही जबकि पिछली तिमाही में यह 98.14 एमएमएससीएमडी थी। एलएचसी की बिक्री पिछले वर्ष के 249 टीएमटी की तुलना में 5% की वृद्धि के साथ 261 टीएमटी दर्ज की गई और पॉलिमर की बिक्री 215 टीएमटी की तुलना में 13% वृद्धि के साथ 242 टीएमटी दर्ज की गई।

समेकित आधार पर प्रचालनों से राजस्व वित्त वर्ष 2024 में 1,33,500 करोड़ रूपए रहा जो वित्त वर्ष 2023 के दौरान 1,45,875 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024 में कर पूर्व लाभ 12,595 करोड़ रूपए रहा (74% वृद्धि के साथ) जो वित्त वर्ष 2023 में 7,256 करोड़ था। कर पश्चात लाभ (गैर-नियंत्रित ब्याज़ को छोड़कर) वित्त वर्ष 2024 में 9,899 करोड़ रुपए (76% वृद्धि के साथ) रहा जो वित्त वर्ष 2023 में 5,616 करोड़ था। तिमाही आधार पर प्रचालनों से समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 32,833 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह 34,768 करोड़ रुपए था। कर पूर्व लाभ वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 3,099 करोड़ रुपए रहा जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह 4,075 करोड़ रुपए था। कर पश्चात लाभ (गैर-नियंत्रित ब्याज़ को छोड़कर) वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 2,469 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह 3,195 करोड़ रुपए था।

श्री संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 के दौरान बेहतर कार्य निष्पादन से पेट्रोकेमिकल्स और तरल हाइड्रो-कार्बन में कम कीमतों के बावजूद सभी प्रमुख क्षेत्रों में मुख्यतः बेहतर वास्तविक निष्पादन से प्रेरित है । उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 11,426 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि गेल के बोर्ड ने 32 महीने की कमीशनिंग अवधि के साथ 1,792 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत वाली विजयपुर से औरैया तक सी2/सी3 तरल पाइपलाइन बिछाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना पाता पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में अतिरिक्त पॉलिमर उत्पादन के साथ फीडस्टॉक उपलब्धता को बढ़ाएगी तथा ऊर्जा की खपत और कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगी।